RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 18 अप्रैल 2024 | वर्ष 05 | अंक 357 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## दोस्त की पत्नी के साथ छेड़छाड़, आरोपी ने तेजधार हथियार से किया हमला



**ठाणे:** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक रेलवे स्टेशन के बाहर एक शख्स ने दो लोगों पर हमला कर दिया. क्योंकि उनमें से एक ने उस शख्स को उस वक्त टोका था, जब वो उसके दोस्त की पत्न ी को अनुचित इशारे कर रहा था. इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने उन दोनों पर हमला कर दिया. अब पुलिस ने 42 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. राजकीय रेलवे पुलिस (GRP) कल्याण के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार की दोपहर कल्याण रेलवे स्टेशन के बाहर हुई. पीड़ितों में से एक ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उसने आरोपी को अपने दोस्त की पत्नी की ओर अनुचित इशारे करते देखा था.

## महाराष्ट्र के जेल में 650 कैदियों को परिवार के संपर्क में रहने के लिए मिले स्मार्ट कार्ड



**छत्रपति संभाजीनगर :** अधिकारियों ने महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में हरसुल सेंट्रल जेल के लगभग 650 कैदियों को अपने परिवार के सदस्यों और वकीलों के संपर्क में रहने में मदद करने के लिए स्मार्ट कार्ड वितरित किए हैं, एक अधिकारी ने आज कहा।जिले के एक अधिकारी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि स्मार्ट कार्ड कैदियों को एक सप्ताह में छह मिनट के लिए तीन मुफ्त कॉल करने की अनुमति देगा। विज्ञप्ति में कहा गया है, ''कई परिवार वित्तीय स्थिति के कारण जेल में अपने कैदी रिश्तेदारों से मिलने नहीं आ सकते हैं। इसलिए, कैदियों को उनके परिवारों (और वकीलों) से जोड़ने के लिए, हरसुल जेल में 650 कैदियों को स्मार्ट कार्ड प्रदान किए गए हैं।'' हालाँकि, विज्ञप्ति में यह निर्दिष्ट नहीं किया गया है कि क्या कैदी केवल उन नंबरों पर कॉल कर सकते हैं जो जेल अधिकारियों के साथ पहले से साझा किए गए हैं या वे किसी भी नंबर पर कॉल कर सकते हैं जो वे चुनते हैं। इसमें कहा गया है कि सुविधा - कॉलिंग बूथ - कैदियों के साथ-साथ न्यायिक हिरासत में रहने वाले लोगों के लिए जेल परिसर में उपलब्ध कराई गई है। हरसुल सुधारात्मक व्यवस्था महाराष्ट्र की नौ केंद्रीय जेलों में से एक है।

## छत्रपति शिवाजी पार्क में 'जय श्री राम' के नारे

### राहुल शेवाले अयोध्या से आमंत्रित धनुष-बाण के साथ किया प्रवेश




**मुंबई :** बाला साहब की अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण की इच्छा पूरी होने के बाद यह पहली रामनवमी है। आज रामनवमी के शुभ अवसर पर, भगवान श्री राम मंदिर के सपने को हमारे दिलों में जीवित रखने वाले शिव सेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे को बधाई देने के लिए टछअ सदा सर्वांकर खासदार राहुल शेवाले नगर सेवक समाधान सर्वांकर छत्रपति शिवाजी महाराज पार्क में अयोध्या में श्रीराम मंदिर के संत महंत द्वारा आमंत्रित तीर-धनुष के साथ स्मारक स्थल पर माथा टेककर रामनवमी मनाई गई।



## दक्षिण मध्य मुंबई लोकसभा क्षेत्र से शिवसेना UBT उम्मीदवार अनिल देसाई का AB फॉर्म उद्धव ठाकरे ने स्वीकार किया

**मुंबई : दक्षिण मध्य मुंबई लोकसभा क्षेत्र से शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी और महाविकास अघाड़ी के आधिकारिक उम्मीदवार अनिल देसाई का शिवसेना पार्टी प्रमुख उद्धवसाहेब ठाकरे ने एबी फॉर्म स्वीकार किया ।**

## माहिम के मुस्लिम लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में समर्थन देने के लिए उद्धव ठाकरे से मुलाकात की



**मुंबई :** ईद के मौके पर माहिम के मुसलमानों ने उद्धव ठाकरे से मुलाकात की, ईद की मुबारकबाद देते हुए आने वाले चुनाव में सेक्युलर उम्मीदवार को वोट देने को कहा गया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि संविधान की रक्षा हम सब को मिल कर करनी है । यह मीटिंग दादर के शिव सेना भवन में रखे गई । उद्धव गट के अनिल देसाई माहिम धरावी क्षेत्र के कैंडिडेट है

## सांसद संजय राउत ने लगाया शिंदे फाउंडेशन मे हेरा फेरि कर 500 करोड़ रुपए इखट्ठा करने का आरोप

**लोकसभा चुनावों के दौरान आरोपों से चौतरफा घिरे, श्रीकांतशिंदे हो रही फजिहात, बढ़ी किरकिरी**

### महाराष्ट्र मे जारी नया खेल चंदा दो और धंधा लो.. बिल्डर ठेकेदारों के काम के बदले रकम ली जाती

**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )** हाल ही मे उद्धव गुट के सांसद एवं प्रवक्ता संजय राउत ने राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सांसद पुत्र श्रीकांत शिंदे पर भ्रस्टाचार के गंभीर आरोप का मामला ऐन चुनावों के समय गमार्ने के कारण अब तुल पकड़ चुका है।वहीं चुनावी समर मे श्रीकांत शिंदे पर लग रहे भ्रस्टाचार के आरोपों के कारण कटघरे मे ला खड़ा किया है।दूसरी ओर विपक्ष को चुनावों के समय संजीवनी हाथ लग चुकी है शिंदे के खिलाफ भ्रस्टाचार के मामले को लपक कर प्रचार मे भुनाने मे लगा हुआ है । जिससे कहा जाता है की श्रीकांत शिंदे की लगातार रातों की नींद उडा दी है । वहीं राजनीतिक विश्लेषको का ऐसा मानना है की चुनावी गलियारों मे भ्रस्टाचार के आरोपों से श्रीकांत शिंदे की फजीहत, किरकिरी बढ़ रही है ।





बताते है की संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन के खिलाफ शिक्यात किया है।राउत के अनुसार श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन ने वितीय हेरा फेरि कर 500 करोड़ रुपए ईखाट्ट किये है। इस मामले की जांच किये जाने की अवशकता है। संजय राउत ने सवाल करते हुए कहा की श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन को किस वजह से पैसे मिल रहा है।

**इसका खुलासा सार्वजनिक तौर पर होना चाहिए।**

उल्लेखनीय तौर पर श्रीकांत शिंदे ने भी राउत के आरोपों पर पलट वार करते हुए कहा की जो भ्रस्टाचार के आरोपों मे जेल की हवा खा चुका है।अब वहीं आरोप लगाने के लिए पत्र लिखा रहा है। कहा जाता है की राउत ने प्रधानमंत्री को मौजूदा जारी चुनावों के दौरान पूर्व के चुनावी मुद्दों को पत्र के माध्यम से याद दिलाते हुए कहा की आप पिछले दस वर्षो से आप भ्रस्टाचार और काले धन की लेन देन को खत्म करने के लिए प्रत्यासत हो। इस मामले मे भी आपने जनता से जो वायदा किया है। लेकिन मै इस पत्र के माध्यम से महाराष्ट्र मे चल रहे काले धन को सफेद बनाने और सामाजिक कार्य की आड़ मे धन इखट्ठा करने का धंधा चल रहा है। उसकी ओर आकर्षित करवाना चाहता हूँ। महाराष्ट्र मे जारी नया खेल चंदा दो और धंधा लो । कहा जाता है की महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के युवराज ने कार्यालय मे एक दफ्तर खोला हुआ है। जिसमें बिल्डर ठेकेदारों के काम के बदले रकम ली जाती है। श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन की चैरिटी कमिशनर से शिकायत की गई है। लेकिन एक महिना बीत जाने के बाद भी शिकायत पर कोई कारवाई नहीं की गई।



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### बदला सियासी डीएनए

हिमाचल में लोकसभा चुनाव से कहीं अधिक चिराग उपचुनावों में जल रहे हैं। नई रोशनी के समाधान में कांग्रेस की रणनीति सिद्धहस्त होने का जरिया खोजती-खोजती जहां पहुंच रही है, वहां भाजपा भी शह और मात के खेल में कई रहस्यों के साथ खड़ी है। जाहिर तौर पर लोकसभा चुनावों में विधायकों की भूमिका में चुनाव की उम्मीदवारी मंडी से शिमला तक कांग्रेस के पैमानों में ताजगी भर चुकी है और अगर यही आजमाइश कांगड़ा में भी विधायक को उतार दे, तो भाजपा के सामने अगली पारी की बारी मुश्किल परीक्षा पैदा कर सकती है। हिमाचल में राज्यसभा सांसद के चुनाव ने राजनीति का डीएनए बदला है। जो पहाड़ में पहले असंभव था, अब होने लगा है, यानी कांग्रेस की अवतार रही पिछली जीत अगर छिटक कर विरोधी पक्ष के घोंसले में फिर से सपने बुन रही है, तो यह हर हालत में नई आजमाइश है। जाहिर है बागी विधायकों ने खुद की स्वीकार्यता में संपूर्ण राजनीति का रक्त बदला है। भाजपा की नसों में पूर्व में रहे कांग्रेस के छह विधायकों के रक्त का मिलन जौहर दिखाता है या समाज का असमंजस बढ़ाता है, लेकिन जिस तरह का घटनाक्रम हिमाचल में घटित हुआ है, उससे भाजपा ने नित नया डीएनए खुद पर सवार कर लिया है। इसके परिणाम कितने सुखद और कितने आश्चर्यजनक होते हैं, इसका अंदाजा लगाना किसी भी पार्टी के लिए फिलहाल मुश्किल है।

यह ऐसा प्रयोग है जहां पृष्ठभूमि के अंगार अग्रिम भूमिका में हैं। कांग्रेस का विरोध कर कांग्रेस से दरकिनार हुए छह पूर्व विधायकों को अब अपनी पगड़ी पर चढ़ा भगवा रंग बचाना है, तो पृष्ठभूमि से खींचकर किरदार बचाना है। अचानक दो परिदृश्य भाजपा के परिप्रेक्ष्य में जिलों के कद्दावर नेताओं की बेचैनी बढ़ाते हैं। मसलन हमीरपुर में भाजपा के बड़े नेता का कद देखते हुए सियासत अपना डीएनए जांच रही है। इस लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक विध्वंस हुए हैं, इसलिए चरित्र बनाम चरित्र का अधिकतम प्रयोग यहीं हुआ है। कल इबारतें अगर बदलती हैं, तो भाजपा का पदानुक्रम यानी हाइअराकि भी नए सिरे से लिखी जाएगी। कांगड़ा में भी सुधीर शर्मा की पेशकश में महज एक उपचुनाव की समीक्षा नहीं होगी, बल्कि भाजपा की अनुशंसा में कई नकाब भी बदलेंगे। जो चरित्र कांग्रेस से निकलकर भाजपा में घर कर रहा है, उससे पारंपरिक पार्टी कितने प्रतिशत रहेगी, यह साबित करने की चुनौती है। जो भी हो, कांग्रेस से भाजपा में आकर बने प्रत्याशियों ने मूल पार्टी के ढांचे में कुछ रिक्तता अवश्य पैदा की, लेकिन हिमाचल के समाज के सामने वे भी निरपराध नहीं हैं। क्या पार्टियों के पीछे भागती जनता ही नेताओं के पीछे भाग रही है या नेताओं के कारण नागरिक समाज पार्टियों को अहमियत दे रहा है। पिछले कुछ समय से नेताओं ने अपने वजूद की खातिर अलग से दरबार सजाकर नित नए प्रयोग किए हैं। प्रदेश में राजेंद्र राणा, होशियार सिंह व प्रकाश राणा का उदय उनकी अपनी हस्ती से तराशा हुआ प्रतिफल था। ये पहले नेता बने, फिर पार्टियों ने आजमाया। इन्हीं उदाहरणों से कई नेताओं ने एनजीओ की तरह अपनी राजनीतिक दुकानदारी शुरू की है और ये सफल भी हो रहे हैं। भाजपा ने गैर परंपरागत परिपाटी शुरू करते हुए हिमाचल के नक्शे पर उपचुनावों की परिस्थिति में जो अपनाया वह असाधारण है, लेकिन जो गंवाया वह भी साधारण नहीं है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok
ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE
COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# बीच सफर में 4 साल की बेटी के गुम हो जाने का नहीं चला पता... परिवार में 8 बच्चे और मिया बीबी

**मुंबईः** जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगाने के लिए सरकार ''छोटा परिवार, सुखी परिवार'' अभियान को जोर शोर से चला रही है। जनसंख्या नियंत्रण के लिए 'हम दो और हमारे भी दो' का नारा बुलंद कर रही है। अब तो इससे भी एक कदम आगे बढ़कर लोग 'हम दो और हमारे एक' का कॉन्सेप्ट अपना रहे हैं ताकि बढ़ती महंगाई और बदलते जमाने के साथ उनके बच्चे अच्छे परवरिश पाकर बेहतर भविष्य बना सकें। लेकिन, धारावी में रहने वाले एक परिवार को सरकार के इस कदम से कोई फर्क नहीं पड़ा है जिसका खामियाजा भी यहां के निवासी समीर को भुगतने पड़े। क्योंकि, समीर सरकारी योजनाओं को दरकिनार कर 'हम दो और हमारे आठ' के कॉन्सेप्ट को अपना कर जीवन बसर





कर रहा है। इस वजह से उसको उस वक्त धोखा खाना पड़ गया जब उसे यह पता नहीं चल पाया की उनके आठ बच्चों में से एक बेटी कहां गायब हो गई।

धारावी पुलिस के अनुसार, समीर को 4 बेटे और 4 बेटियां हैं। कुल 10 लोगों के परिवार में 8 बच्चे और मिया बीबी रहते हैं। रविवार रात समीर की पत्नी को अचानक महसूस हुआ कि उनकी चार साल की एक बेटी गायब है। इसकी सूचना उन्होंने समीर को दी, जो घर से बाहर कहीं गया हुआ था। आनन फानन में समीर घर लौट आया और अपने आस पास के इलाकों में देर रात बेटी को तलाशने लगा। इसमें उसके दोस्तों ने भी मदद की। चार-पांच घंटे की तलाश के बाद भी जब समीर को उसकी बेटी नहीं मिली तो वह धारावी पुलिस स्टेशन गया। तब तक सुबह हो चुकी थी।

**सीसीटीवी फुटेज में नहीं दिखाई दिया बच्ची**

समीर के बयान के आधार पर धारावी पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए लड़की के घर से गायब हो जाने के संदर्भ में अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया। जिस इलाके में समीर रहता है, पुलिस वहां लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने शुरू कर दिए। पुलिस को किसी भी सीसीटीवी फुटेज में बच्ची अपने घर से बाहर निकलते हुए नहीं दिखाई दिया।

आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई तो किसी ने भी बच्ची को इलाके में नहीं देखा। उधर, माता-पिता का कहना था कि उसकी लड़की घर से भाग गयी है। यह बात पुलिस को हजम नहीं हो रहा था। क्योंकि, बच्ची की आयु मात्र 4 साल थी। वह किसी के साथ कैसे भाग सकती थी।

# सिर्फ 15 मिनट में सी लिंक से मरीन ड्राइव का सफर



**मुंबईः** लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद मुंबईकरों को बड़ा तोहफा मिलने वाला है। मुंबईकर बांद्रा -वर्ली सी लिंक से होते हुए कोस्टल रोड के जरिए मरीन ड्राइव का सफर सिर्फ 15 मिनट में तय कर सकेंगे। बीएमसी 31 मई तक कोस्टल रोड के गर्डर को बांद्रा-वर्ली सी लिंक से जोड़ देगी। उसके बाद जून के पहले सप्ताह में लोग बांद्रा-वर्ली सी लिंक के जरिए कोस्टल रोड होते हुए मरीन ड्राइव तक बिना रुके सफर कर सकेंगे।

**वाहन कोस्टल रोड के जरिए सीधे मरीन ड्राइव जा सकेंगे**

एक इंजिनियर ने बताया कि कोस्टल रोड और बांद्रा-वर्ली सी लिंक को जोड़ने के लिए 2000 मीट्रिक टन का बो स्ट्रिंग स्पैन तैयार करवाया गया है। इसे मझगांव डॉक यार्ड (न्हावा) से लोड कर 21 अप्रैल तक कोस्टल रोड साइट पर पहुंचाया जाएगा। उसके बाद इसे सी लिंक से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। हमें उम्मीद है कि 31 मई तक कोस्टल रोड और सी लिंक को गर्डर के जरिए जोड़ दिया जाएगा। उसके बाद जून के पहले सप्ताह में सी लिंक से होते हुए वाहन कोस्टल रोड के जरिए सीधे मरीन ड्राइव जा सकेंगी।

10.58 किमी लंबे कोस्टल रोड के एक हिस्से यानी वर्ली से मरीन ड्राइव को 12 मार्च 2024 को आवागमन के लिए खोला गया। टोल फ्री कोस्टल रोड का सफर अब तक लगभग पांच लाख गाड़ियां कर चुकी हैं। बांद्रा-वर्ली सी लिंक की लंबाई 5.6 किमी है। इस तरह दोनों को मिलाकर लगभग 16 किमी का सफर आसान हो जाएगा। अधिकारी ने बताया कि बांद्रा-वर्ली सी लिंक का कोस्टल रोड से कनेक्ट होने के बाद यह दूरी महज 15 मिनट में पूरी की जा सकेगी।

# बिना आरटीओ फिटनेस सर्टिफिकेट के शहर में चल रहे पानी टैंकर

**नालासोपारा :** शहर में जहां पानी के चैनल नहीं हैं, जहां पानी की आपूर्ति नियमित नहीं है, वहां कई टैंकरों से नागरिकों की प्यास बुझती है। लेकिन एक चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि वसई में प्यास बुझाने वाले कुछ टैंकरों के पास आरटीओ फिटनेस सर्टिफिकेट नहीं है और वे सड़कों पर बिना किसी रोक-टोक के दौड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मनपा प्रशासन और आरटीओ इस गंभीर मुद्दे पर आंखें मूंदे हुए है। शहर में कबाड़ और बिना नंबर के खतरनाक टैंकरों से यातायात चल रहा है। सुचारू रूप से चल रहे इस टैंकर के मौके पर फिटनेस का मामला सामने आया है। फिलहाल, शहर में हर एक से दो दिन में कम दबाव से पानी आ रहा है। भीषण गर्मी के कारण पानी की कमी शुरू हो गई है। चूंकि कई कॉलोनियों में पाइप प्रणाली नहीं है, इसलिए उन्हें अपनी प्यास बुझाने



के लिए पानी के टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ता है। पानी की बढ़ती मांग के कारण शहर में टैंकर व्यवसाय फलफूल रहा है। अप्रचलित स्क्रैप टैंकर, बिना नंबर वाले टैंकर शहर की सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इसके अलावा टैंकरों में लगे बिना नंबर के टैंकर भी बिना किसी समस्या के चल रहे हैं। मोड़ लेते समय ये चालक तेज गति से अचानक मोड़ लेते हैं, जिससे अन्य वाहनों और पैदल चलने वालों के लिए खतरा पैदा हो जाता है। टैंकर में नंबर, रिफ्लेक्टर, ब्रेक लैंप, स्टॉप गार्ड लगा होना चाहिए। लेकिन देखने में आ रहा है कि इनमें से कोई भी बात पूरी नहीं हो पा रही है।

# पुलिस अधिकारियों के साथ लोगो की बैठक

**भायंदरः** मीरा भायंदर शहर में त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हो इसके लिए पुलिस आयुक्तालय के माध्यम से नगर परिषद और सभी पुलिस स्टेशनों के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की गई है बैठक में शांति समिति व परिषद के पदाधिकारी मौजूद थे. त्योहारों के दौरान जुलूस, बाइक रैली निकालने की अनुमति के लिए पुलिस को कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए हैं. त्योहारों के दौरान जुलूस बिना किसी बाधा के निकले इसका ध्यान रखा जाएगा। किसी की भावनाओं





को ठेस न पहुंचे इसका ध्यान रखना होगा। गायकवाड़ ने अनुरोध किया है कि शांति समिति के माध्यम से इस बात पर ध्यान दिया जाए कि कोई शराब पीकर त्योहार की पवित्रता को खराब न करे. कार्यक्रम के दौरान मण्डलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा करते हुए उपस्थित प्रत्येक मण्डलों के पदाधिकारियों को त्यौहारों के दिन आने वाली बाधाओं एवं निवारण योजनाओं के बारे में बताया गया कि उन्हें किस प्रकार अनुमति दी जायेगी तथा उन्हें क्या-क्या करना होगा। करना।। जुलूस निकालते समय किसी भी अस्पताल स्थल पर अधिक देर तक घंटी न बजाई जाए, निर्धारित मार्ग पर जुलूस निकालने में कोई परिवर्तन न किया जाए। कहा गया है कि जुलूस और बाइक रैली निकालते समय सभी यातायात नियमों का पालन किया जाए और इसमें शामिल वाहनों की संख्या की पूरी जानकारी पुलिस को दी जाए।




# गोवंडी में मौसा बना जल्लाद, चोरी के आरोप में बेल्ट से की भतीजे की पिटाई... गरम चाकू से जलाया




**अंबरनाथः** एक युवक को उसके मौसा द्वारा पैसे की चोरी का आरोप लगाते हुए पहले तो बेल्ट से पिटाई की गई इससे भी मन नही भरा तो उसे चाकू गरम करके शरीर पर जगह जगह जला दिया। अंबरनाथ पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। गोवंडी निवासी शकीर शमसुद्दीन शेख ईद के निमित्त अपनी नानी के घर उल्हासनगर में आया था इसी समय उसकी मौसी का लड़का रिहान भी वहां पर आया था। रिहान के पिता आरोपी इमरान अब्दुल्ला शेख व उनकी पत्नी उस दिन पूना गए हुए थे इसके लिए रिहान ने शकीर व उसके भाई से उसके घर पर चल कर सोने को कहा तो दोनों उसके घर जावसई, महेन्द्रनगर अंबरनाथ सोने के लिए चले गए।

दूसरे दिन वह वापस अपनी नानी के घर आ गए तो शकीर को फोन आया कि उसके मौसा यानी इमरान का कहना है कि उसने उनके घर से 30 हजार रुपए की चोरी की है और उसे अपने घर पर बुलाया। मौसा के घर जाकर शकीर ने बताया कि उसने चोरी नही की है इस पर इमरान भड़क गया और पहले बेल्ट से शकीर की पिटाई की उसके बाद गैस पर चाकू को गरम करके दोनों हाथ, गाल व शरीर पर अन्य जगहों पर जलाया। साथ ही यह धमकी भी दी कि अगर पुलिस में शिकायत की तो जान से मार दूंगा। घटना के बाद अपनी मां के साथ अंबरनाथ पुलिज स्टेशन में जाकर शिकायत दर्ज कराया। अंबरनाथ पुलिस के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जगन्नाथ कलस्कर ने बताया कि आरोपी इमरान को गिरफ्तार किया गया है।

# मेट्रो के ठेकेदारों पर 326 करोड़ संपत्ति कर बकाया...

## मनपा ने दिया 7 दिन का अंतिम नोटिस

**मुंबई :** मेट्रो रेलवे के ठेकेदार जिस पर करीब 326 करोड़ रुपए का संपत्ति कर बकाया है। मनपा ने इन ठेकेदारों को सात दिन का अंतिम नोटिस जारी किया है। मेट्रो कार्य में लगे कुल पांच ठेकेदार शामिल हैं जिन्होंने प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरा है। मनपा ने पहले 21 दिन का नोटिस दिया था। टैक्स नहीं भरने पर मनपा अब 7 दिन की नोटिस दी है। इसके बावजूद प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरा गया तो संपत्ति जब्त करने की मनपा कार्रवाई करेगी। मनपा आयुक्त भूषण गगराणी ने संपत्ति कर नहीं भरने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। प्रॉपर्टी टैक्स बकाएदारों को 25 मई तक टैक्स भरना है।

एमएमआरसीएल ने मेट्रो कार्य के लिए ठेकेदार कंपनियों मेसर्स सीईसी-आईटीडी, मेसर्स एलएंडटी स्टेक जेवी,



मेसर्स डोगस सोमा, मेसर्स एचसीसी-एमएमएस-1, मेसर्स एचसीसी-एमएमएस-2 को नियुक्त किया है। इन कंपनियों को मनपा ने कास्टिंग यार्ड के लिए जगह उपलब्ध कराई है। मनपा ने वडाला ट्रक टर्मिनल, भूखंड क्रमांक 8 चरण 2 और 3 के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। एमएमआरसीएल और संबंधित ठेकेदारों के बीच अनुबंध के अनुसार संबंधित ठेकेदार इस भूखंड के उपयोग से संबंधित संपत्ति कर के भुगतान के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है। पांचों ठेकेदारों पर 326 करोड़ 22 लाख 69 हजार 846 रुपए का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है।

### संपत्ति कर बकाया ठेकेदार

1. मेसर्स एचसीसी– एमएमएस 86 करोड़ 84 लाख 05 हजार 693 रुपए
2. मेसर्स सीईसी– आईटीडी 84 करोड़ 40 लाख 83 हजार 77 रुपए
3. मेसर्स डोगस सोमा– 83 करोड़ 23 लाख 67 हजार 405 रुपए
4. मेसर्स एलएंडटी स्टेक जेवी 70 करोड़ 50 लाख 41 हजार 906 रुपये
5. ड्ट्मेसर्स एचसीसी– एमएमएस–01 करोड़ 23 लाख 71 हजार 765 रुपए

मनपा प्रॉपर्टी टैक्स विभाग द्वारा बार-बार निर्देश के बावजूद चार ठेकेदारों ने वित्तीय वर्ष 2016-17 से अब तक टैक्स का भुगतान नहीं किया है।

# मुंबई में 1383 स्कूलों में 29 हजार 14 सीटें उपलब्ध



**मुंबई :** शिक्षा का अधिकार कानून के तहत मंगलवार से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है और पहले दिन खबर लिखे जाने तक राज्यभर से 1711 आवेदन ही किए गए जिनमें से 64 आवेदन मुंबई से किए गए हैं। दरअसल राज्य सरकार ने इस साल से आरटीई के दाखिले की प्रक्रिया में बदलाव करते हुए सरकारी और अनुदानित स्कूलों को भी इसमें शामिल कर लिया है जिसके बाद इस साल राज्य में कुल 76 हजार 33 स्कूलों की 8 लाख 86 हजार 172 विद्यार्थियों के दाखिले के लिए उपलब्ध हैं। इसके अलावा अब घर से एक किलोमीटर के दायरे में सरकारी स्कूल होने पर उसी में विद्यार्थी को दाखिला लेना होगा। सरकारी और अनुदानित स्कूल में सीट भरने के बाद ही निजी स्कूलों में दाखिले के लिए आवेदन किया जा सकता है। आवेदन की प्रक्रिया 30 अप्रैल तक चलेगी। यह भी पढ़े -मराठा समाज को 10 फीसदी आरक्षण पर तत्काल रोक लगाने से अदालत का इनकार पते के लिए अब नहीं चलेगी गैस बुक आरटीई के दाखिले के लिए अब निवास प्रमाणित करने के लिए गैस बुक को स्वीकार नहीं किया जाएगा इसके अलावा बैंक पासबुक भी सिर्फ राष्ट्रीयकृत बैंकों का चलेगा। पता भरते समय गलती से बचने के लिए अभिभावकों को गूगल पर पता डालकर लैटीट्यूड और लांगीट्यूड पते में लिखने को कहा है, जिससे पते में गलती की गुंजाइश न हो। अभिभावक आसपास के 10 स्कूलों में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह भी पढ़े -उदयनराजे भोंसले होंगे सतारा से भाजपा के उम्मीदवार, नाशिक पर उलझन बरकरार मुंबई में 1383 स्कूलों में 29 हजार 14 सीटें उपलब्ध शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए मुंबई में आरटीई के तहत दाखिले के लिए पिछले सत्र के मुकाबले एक हजार स्कूल और 23 हजार सीटें बढ़ी हैं। मुंबई महानगर पालिका के शिक्षा विभाग ने अभिभावकों से इस प्रक्रिया में शामिल होने का आग्रह किया है। दाखिले के लिए तैयार किए गए वेबपोर्टल https://student.maharashtra.gov.in/adm_portal के जरिए आवेदन किया जा सकता है। शिक्षा अधिकारी राजेश कंकाल ने बताया कि आरटीई के तहत दाखिले के आवेदन के दौरान किसी तरह के कागजात की आवश्यकता नहीं है। बीएमसी ने साफ किया है कि एक आरटीई के तहत दाखिला ले चुके विद्यार्थी दोबारा आवेदन नहीं कर सकते साथ ही एक विद्यार्थी के नाम पर एक ही आवेदन किया जा सकता है।

# मुंबई में दुरंतो एक्सप्रेस से 40 लाख रुपये से अधिक कैश जब्त!

**मुंबईः** CSMT रेलवे पुलिस ने नागपुर-सीएसएमटी दुरंतो एक्सप्रेस में से 40 लाख रुपये से अधिक कैश जब्त किए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को जैसे ही दुरंतो एक्सप्रेस मध्य रेलवे के सीएसएमटी पर पहुंची, सामान डिब्बे से पार्सल बक्से हटाए जाने के दौरान जांच में कपड़े के एक पार्सल बॉक्स में 40 लाख से ज्यादा कैश मिली। ये सभी 500 के नोट थे। हालांकि , इस रकम के असली मालिक कौन है, इसकी तलाश जारी है। कैश जब्त कर उसको आयकर विभाग को आगे की जांच के लिए सौंप दिया गया है।

**क्या है पूरा मामला**

जांच से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को नागपुर-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस सीएसएमटी स्टेशन




पर खड़ी थी। इस एक्सप्रेस के बैगेज डिब्बों से पार्सल निकाले जा रहे थे। इसके बाद कुलियों द्वारा पार्सल उठाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। इन पार्सलों का ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ जवान निरीक्षण कर रहे थे। वे यह सुनिश्चित कर रहे थे कि चुनाव की पृष्ठभूमि में कोई गड़बड़ी तो नहीं हो रही है। इस दौरान एक पार्सल डिब्बे को लेकर संदेह हुआ। उस पर कपड़ों का पार्सल वाला स्टीकर चिपका हुआ था। संदिग्ध पार्सल को आरपीएफ और रेलवे पुलिस के जवानों ने जांच की तो उसमें 500 के नोट मिले, जिसकी गिनती की गई तो वह रकम 40 लाख से अधिक आंकी गई।

मध्य रेलवे पर नागपुर-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस जब सीएसएमटी पहुंची तो पार्सल डिब्बे से पार्सल निकालते समय एक पार्सल में 40 लाख रुपये नकद मिले। संबंधित घटना की जानकारी आयकर विभाग को दे दी गई है। मामले की जांच जारी है। दरअसल इन दिनों लोकसभा चुनाव का माहौल है। सात चरणों से चुनाव होने वाला है। इसके मद्देनजर शक है कि किसी ने किसी पार्टी की मदद के लिए उक्त रकम प्रशासन की नजर से छिपाकर मुंबई भेजी होगी। यह पार्सल किसने किसके नाम से किस स्टेशन से बुक कराया है। इसकी जांच जारी है।

# फर्जी कांग्रेस वीडियो के खिलाफ आमिर खान ने दर्ज कराई शिकायत

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने शहर पुलिस के साइबर सेल में कांग्रेस के एक फर्जी वीडियो संदेश के बारे में शिकायत दर्ज कराई है। वीडियो में अभिनेता लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को वोट देने का आग्रह करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर वायरल हुए वीडियो में आमिर लोगों से उनके बैंक खातों से गायब हुए 15 लाख रुपये के बारे में पूछते नजर आ रहे हैं। श्री खान ने इस वीडियो के तुरंत बाद एक स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने फर्जी वीडियो के खिलाफ कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि अपने पूरे करियर में कभी भी किसी राजनीतिक पार्टी का समर्थन नहीं किया है।

# नवी मुंबई में पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में महिला और दो रिश्तेदारों पर मामला दर्ज

**मुंबईः** रबाले (एमआईडीसी) पुलिस ने 27 वर्षीय एक महिला और उसके परिवार के दो सदस्यों पर अपने अलग रह रहे पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। 34 वर्षीय गोकुल विठोबा डांगे के सुसाइड नोट के अनुसार, वह अपनी पत्नी दीपाली को मासिक गुजारा भत्ता देने से तंग आ गया था, जो अपने दूसरे पति के साथ रह रही थी। रबाले (एमआईडीसी) पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने कहा, दीपाली के अलावा,




उन्होंने उसके दूसरे पति, श्याम रमेश क्षीरसागर और उसके पिता, दीपक केशव हजारे को भी ''उसे परेशान करने और चरम कदम उठाने के लिए मजबूर करने'' के लिए दोषी ठहराया। पुलिस के अनुसार, 2015 में शादी करने के लगभग एक साल बाद गोकुल और दीपाली के बीच घरेलू मामलों पर अक्सर बहस होने लगी। ऐसी ही एक लड़ाई के बाद, दीपाली शादी से बाहर हो गई और गोकुल के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज कराया। फरवरी 2017 में, एक स्थानीय अदालत ने गोकुल को दीपाली को -5,000 का मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया। पुलिस शिकायत में, गोकुल के पिता विठोबा डांगे ने कहा है कि बेरोजगार होने के कारण उन्हें भरण-पोषण का भुगतान करना मुश्किल हो रहा था। विठोबा ने यह भी कहा कि दीपाली की क्षीरसागर से शादी के बाद उनके बेटे को भारी मानसिक आघात पहुंचा। गोकुल के परिवार ने 29 मार्च को उसे अपने बिस्तर पर बेहोश पड़ा पाया। उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। गोकुल का सुसाइड नोट बरामद करने वाली पुलिस ने तीनों को जांच में सहयोग करने के लिए नोटिस दिया है।



# पालघर में लू लगने से 16 वर्षीय लड़की की मौत!



**पालघर:** पालघर के केव गांव में सोमवार को संभावित लू लगने से 16 वर्षीय लड़की की मौत हो गई। वेजपाड़ा निवासी अश्विनी विनोद रावटे को एक कृषि क्षेत्र में अर्ध-बेहोशी की हालत में पाया गया और उन्हें मनोर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह घटना तब हुई जब रावटे सोमवार को 11वीं कक्षा की परीक्षा समाप्त होने के बाद घर लौटी। उन्होंने मनोर में एसपी मराठे विद्यालय और जूनियर कॉलेज में पढ़ाई की। एक बार जब वह घर पहुंची, तो उसके माता-पिता घर पर नहीं थे, इसलिए वह उन्हें ढूंढने के लिए निकली।

अपनी माँ की तलाश में, वह उनके खेत में गई, लेकिन उसकी माँ कपड़े धोने के लिए नदी पर गई थी, और उसके पिता कुछ घरेलू सामान खरीदने के लिए मनोर के साप्ताहिक बाजार गए थे। घर पहुँचने के बाद, रावटे की माँ ने उसके कॉलेज बैग को देखा और उसे घर और पड़ोस में न पाकर अपने खेत में गई जहां अश्विनी अर्ध-बेहोशी की हालत में मिली। उसे गांव से लगभग 11 किमी दूर मनोर के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, यह कहते हुए कि मृतक में हीटस्ट्रोक के लक्षण थे।

अश्विनी बेहोश हो गई और दो घंटे से अधिक समय तक चिलचिलाती धूप में खेत में बेहोश पड़ी रही।

पालघर जिले में सोमवार से उच्च तापमान देखा गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के कोसबाद दहानू स्थित स्वचालित मौसम केंद्र ने सोमवार को उच्चतम तापमान 39.3 डिग्री सेल्सियस और मंगलवार को 37.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। हालाँकि, पालघर जिला प्रशासन ने तापमान में संभावित वृद्धि के बारे में कोई अलर्ट जारी नहीं किया है, जो महीने के सामान्य तापमान से 5 डिग्री सेल्सियस अधिक होने का अनुमान है। सिविल सर्जन डॉक्टर रामदास मराड ने कहा कि हीटस्ट्रोक का कोई मामला सामने नहीं आया और न ही अश्विनी का मामला मनोर के ग्रामीण अस्पताल में रिपोर्ट किया गया। मनोर पुलिस स्टेशन के पुलिस इंस्पेक्टर सतीश शिवकर ने भी कहा कि 16 वर्षीय लड़की की मौत के संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

# कांग्रेस अब काफी हद तक हो गई है वामपंथी - मिलिंद देवरा



**मुंबई :** शिवसेना के राज्यसभा सदस्य मिलिंद देवरा ने दावा किया कि किसी जमाने में आर्थिक सुधारों की शुरूआत करने वाली कांग्रेस का वर्तमान में विभाजनकारी आर्थिक एजेंडा है, जो भारत के आर्थिक विकास को पटरी से उतारना चाहता है। देवरा ने साक्षात्कार में कहा कि कांग्रेस अब काफी हद तक वामपंथी हो गई है और उन नीतियों के बारे में बात करती है, जो वामपंथ और समाजवाद से प्रेरित हैं और ये दोनों ही विचारधाराएं दुनिया भर में विफल रही हैं। देवरा ने कहा कि कांग्रेस को उन नीतियों के बारे में बात करनी चाहिए, जो ईंधन नवाचार और निवेश को बढ़ाये।

इस वर्ष जनवरी में कांग्रेस छोड़ कर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हुए देवरा ने कहा कि 1991 के आर्थिक सुधार, पिछले 60 से 70 वर्षों की कांग्रेस की नीतियों ने व्यापारियों और धन सृजनकर्ताओं को पनपने का मौका दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि अब कांग्रेस पार्टी उन्हें नाम से पुकारने, उन्हें गालियां देने और उनकी आलोचना करने की कोशिश कर रही है।


देवरा ने दावा किया, ''यह इस बात का संकेत है कि कांग्रेस अपनी ही बनाई हुई परंपरा से दूर भाग रही है।'' उन्होंने कहा, ''किसी जमाने में कांग्रेस के पास भारत को आगे ले जाने का आर्थिक एजेंडा था। आज मुझे लगता है कि कांग्रेस का आर्थिक एजेंडा विभाजनकारी है, जो भारत के आर्थिक विकास को पटरी से उतारना चाहता है। आज भारत में वाकई दिलचस्प बयार चल रही है और दुनिया चीन से हटकर भारत में निवेश करना चाहती है।'' मनमोहन सिंह सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे देवरा ने कहा, ''हमें इस मौके का फायदा उठाना चाहिए।''

वर्ष 2004 से 2014 तक दक्षिण मुंबई से लोकसभा सदस्य रहे देवरा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह सहित कांग्रेस के कई नेता पार्टी के मौजूदा आर्थिक दृष्टिकोण से इत्तेफाक नहीं रखते। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है, जिसने तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह की अगुवाई में 1991 में आर्थिक सुधार लागू किये थे। शिवसेना सांसद ने कहा, ''लेकिन कांग्रेस अब उन सुधारों से दूर भाग रही है, कतरा रही है।''

# नौकरी छूटने के बाद युवक ने की आत्महत्या

**विरार :** अनार्ला सागरी पुलिस स्टेशन अंतर्गत एक 30 वर्षीय शख्स द्वारा कोई दवा पीकर आत्महत्या किये जाने की घटना सामने आई है। इस संबंध में उपरोक्त पुलिस स्टेशन ने सीआरपीसी कलम 174 के तहत अपराध पंजीकरण कर आगे की विवेचना में जुट गयी है। मिली जानकारी के अनुसार, ब्रेडोन अंड्यु डायस,, सुंदर नगर, विरार (प) में रहता था। बताया जाता है कि, डायस की नौकरी छूटने के बाद वह मानसिक तनाव में था, जिसके चलते उसने 15 अप्रैल को, उपरोक्त सुंदर नगर के फ्लैट में उसने कोई दवा पीकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवको कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके परिजन को सौंप दिया है। हालांकि, आगे की जांच पुलिस अधिकारी द्वारा किया जा रहा है।

# मराठा आरक्षण के खिलाफ याचिकाओं पर जून में सुनवाई करेगा बॉम्बे हाई कोर्ट



**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने मराठा समुदाय के लोगों को आरक्षण देने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई मंगलवार को 13 जून तक के लिए स्थगित कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी तथा न्यायमूर्ति फिरदोश पूनीवाला की पूर्ण पीठ ने आरक्षण पर रोक की याचिकाकाताओं की मांग पर तत्काल कोई आदेश पारित नहीं किया। पीठ ने स्पष्ट किया कि मार्च में एक समन्वय पीठ द्वारा पारित एक अंतरिम आदेश के अनुसार, आरक्षण के तहत दिया गया कोई भी प्रवेश या रोजगार इन याचिकाओं के अंतिम परिणाम के अधीन होगा। पूर्ण पीठ ने पिछले सप्ताह याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की थी। अदालत ने मामले में सुनवाई 13 जून तक के लिए स्थगित कर दी।

याचिकाओं में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए महाराष्ट्र राज्य आरक्षण अधिनियम, 2024 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। इस अधिनियम के तहत सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। याचिकाकताओं के अनुसार, मराठा समुदाय पिछड़ा समुदाय नहीं है। उन्होंने यह भी कहा है कि महाराष्ट्र पहले ही आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को पार कर चुका है।

# वसई में 4 नाबालिगों से छेड़छाड़ के आरोप में दो गिरफ्तार

**मुंबई:** पुलिस सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में केक खरीदने गई चार नाबालिग लड़कियों से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में वसई स्थित एक बेकर को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान सितारा बेकरी के मालिक 33 वर्षीय अफजल हुसैन अली के रूप में हुई है। तुलिंज पुलिस के मुताबिक, नालासोपारा की रहने वाली लड़कियां अलग-अलग दिन केक खरीदने के लिए वसई की सितारा बेकरी में गई थीं। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि सोमवार को जब उनकी बेटी दुकान से घर लौटी तो उसने अपनी मां को बताया कि बेकरी के मालिक ने उसे दुकान के अंदर बुलाया था और उसे 'गलत तरीके से' छुआ था।

जब पीड़िता की मां ने अपने दोस्तों से घटना के बारे में चर्चा की, तो तीन अन्य महिलाओं ने दावा किया कि उनकी बेटियों ने भी इसका खुलासा किया है। चारों महिलाएं तुलिंज पुलिस स्टेशन पहुंचीं और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज



कराया। उसकी मां द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर, अली को गिरफ्तार कर लिया गया और भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (नाबालिग लड़की की गरिमा को ठेस पहुंचाना) और यौन अपराधों के खिलाफ बच्चों के संरक्षण (ढडरउड) अधिनियम, 2012 की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने अली को मंगलवार को अदालत में पेश किया जहां उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया. पुलिस अब यह पता लगाने की जांच कर रही है कि क्या उसने आसपास की अन्य लड़कियों के साथ भी ऐसा अपराध किया है।

# फर्जी कांग्रेस वीडियो के खिलाफ आमिर खान ने दर्ज कराई शिकायत

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई में बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने शहर पुलिस के साइबर सेल में कांग्रेस के एक फर्जी वीडियो संदेश के बारे में शिकायत दर्ज कराई है। वीडियो में अभिनेता लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को वोट देने का आग्रह करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर वायरल हुए वीडियो में आमिर लोगों से उनके बैंक खातों से गायब हुए 15 लाख रुपये के बारे में पूछते नजर आ रहे हैं।

श्री खान ने इस वीडियो के तुरंत बाद एक स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें दावा किया गया



कि उन्होंने फर्जी वीडियो के खिलाफ कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि अपने पूरे करियर में कभी भी किसी राजनीतिक पार्टी का समर्थन नहीं किया है। आमिर के आधिकारिक प्रवक्ता ने मंगलवार को एक बयान जारी करके कहा, 'हम हालिया वायरल वीडियो से चिंतित हैं जिसमें आरोप लगाया गया है कि आमिर खान एक विशेष राजनीतिक पार्टी का प्रचार कर रहे हैं। वह स्पष्ट करना चाहेंगे कि यह एक फर्जी वीडियो है और पूरी तरह से झूठ है। उन्होंने इस मुद्दे से संबंधित विभिन्न अधिकारियों को मामले की सूचना दी है, जिसमें मुंबई पुलिस के साइबर अपराध सेल में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करना भी शामिल है।'' बयान में कहा गया है कि आमिर ने कभी भी किसी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं किया है, लेकिन वह भारतीयों से आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान करने का आग्रह करते हैं।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com